"RBSE Official Past Paper | Shared for Educational Purposes Only | Scanned by Schorbit"

नामांक Roll No.

Question Booklet No.
S10816254

S-01-Hindi

No. of Questions – 22
No. of Printed Pages – 11

# माध्यमिक परीक्षा, 2026
# SECONDARY EXAMINATION, 2026
## हिन्दी

समय : 3 घण्टे 15 मिनट
पूर्णांक : 80

Schorbit

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

## खण्ड – 'अ'

1. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । [12×1=12]

i) ऐसे शब्द जिनके स्वरूप में लिंग, वचन, काल आदि के प्रभाव से कोई विकार नहीं होता – क्या कहलाते है ? [1]

अ) संज्ञा ब) अव्यय
स) विशेषण द) क्रिया

ii) निम्नलिखित में से 'समाचार' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ? [1]

अ) सम् ब) सम
स) चार द) स

iii) मन्नू भण्डारी का जन्म हुआ था [1]

अ) अजमेर ब) लखनऊ
स) दिल्ली द) भानपुरा

iv) अकेले सफर का वक्त काटने के लिए नवाब साहब ने क्या खरीदे ? [1]

अ) खीरे ब) अखबार
स) सेकंड क्लास का टिकट द) पानी

v) नेताजी की मूर्ति किस की बनी थी ? [1]

अ) लोहे की ब) पीतल की
स) संगमरमर की द) मिट्टी की

vi) गोपियों ने 'हारिल की लकड़ी' किसे कहा है ? [1]

अ) कृष्ण को ब) उद्धव को
स) सूरदास को द) अक्रूर को

Schorbit

vii) 'दंतुरित मुसकान' की मोहकता कब और बढ़ जाती है ? [1]

अ) जब बच्चा रोने लगता है

ब) जब झोंपडी में कमल खिल जाते हैं

स) जब पत्थर पिघलने लगता है

द) जब उसके साथ नजरों का बांकपन जुड़ जाता है

viii) मुख्य गायक का स्वर कैसा है ? [1]

अ) चट्टान जैसा भारी ब) गूँजता हुआ

स) कमजोर, काँपता हुआ द) उत्साहित

ix) बाबूजी आटे की गोलियाँ बनाकर कहाँ ले जाते थे ? [1]

अ) भोलाराम के साथ खेलने ब) कबूतरों को देने

स) मछलियों को खिलाने द) गाय को खिलाने

x) चोट लगने पर भोलाराम के घावों पर मैया ने क्या लगाया ? [1]

अ) घी ब) दवा

स) चावल का पानी द) पीसी हुई हल्दी

xi) 'साना-साना हाथ जोड़' पाठ में भारत के किस राज्य की यात्रा का वर्णन है ? [1]

अ) सिक्किम ब) अरुणाचल प्रदेश

स) असम द) हिमाचल प्रदेश

xii) 'अज्ञेय' ने हिरोशिमा पर कविता लिखी [1]

अ) जापान में ब) हिरोशिमा में

स) भारत लौटकर द) अस्पताल में

Schorbit

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । **[6×1=6]**

i) तत्पुरुष समास के __________ भेद होते हैं । **[1]**

ii) 'गणेश' शब्द में __________ संधि है । **[1]**

iii) ऐसे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें __________ कहते हैं । **[1]**

iv) जो शब्दांश किसी शब्द के बाद में लगकर नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें __________ कहते हैं । **[1]**

v) पुरुषवाचक सर्वनाम __________ प्रकार के होते हैं । **[1]**

vi) जिस शब्द से किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उसे __________ कहते हैं । **[1]**

**3.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । **[6×1=6]**

वाणी व्यक्ति के व्यवहार की पहचान होती है । मधुर वाणी कोयल की चारित्रिक विशेषता होती है । कौए की कर्कश बोली के कारण ही उसकी स्थिति कोयल से निम्न होती है । मीठी वाणी सभी को प्रिय होती है । किसी ने सच ही कहा है "ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरन को शीतल करे आपहुँ शीतल होए ।" मीठी वाणी का श्रोता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है । उसका चित्त प्रसन्न हो जाता है । मीठी वाणी बोलने वाले की संगति सभी करना चाहेंगे । मधुर वाणी से शत्रु भी मित्र हो जाते हैं । ठीक इसके विपरीत कटु वचन से मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है । श्रोता का मन खिन्न हो जाता है । कटुभाषी को जीवन-व्यापार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है । मीठी वाणी से सम्बन्धों में घनिष्ठता आती है । कटु वाणी बोलने वाले से कोई भी मित्रता नहीं करना चाहेगा ।

Schorbit

i) कोयल की चरित्रगत विशेषता है **[1]**

अ) काला रंग  ब) मधुर वाणी

स) कटु स्वर  द) कर्कशता

ii) कटुभाषी को जीवन में किसका सामना करना पड़ता है ? **[1]**

अ) कठिनाइयों का  ब) सफलता का

स) मित्रता का  द) सरलता का

iii) मीठी वाणी का श्रोता पर कैसा प्रभाव पड़ता है ? [1]

अ) सकारात्मक ब) नकारात्मक

स) दुखी द) बुरा

iv) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [1]

v) मीठी वाणी का सम्बन्धों पर क्या प्रभाव पड़ता है ? [1]

vi) व्यक्ति के व्यवहार की पहचान किससे होती है ? [1]

**4.** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । **[6×1=6]**

नीलाम्बर-परिधान, हरित-पट पर सुन्दर है ।
सूर्य-चन्द्र, युग-मुकुट मेखला रत्नाकर है ।
नदियाँ प्रेम-प्रवाह, फूल तारे मण्डन हैं।
बन्दीजन खगवृन्द, शेषफन सिंहासन है ।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेश की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही सगुण मूर्ति सर्वेश की ।

Schorbit

i) कवि ने सर्वेश की सगुण मूर्ति किसे कहा है ? [1]

अ) नीलाम्बर को ब) नदियों को

स) मातृभूमि को द) सत्य को

ii) मातृभूमि का परिधान है [1]

अ) नीलाम्बर ब) रत्नाकर

स) शेषफन द) फूल

iii) नदियाँ किसकी प्रतीक हैं ? [1]

अ) बन्दीजन की ब) खगवृन्द की

स) सत्य की द) प्रेम की

iv) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [1]

v) कवि ने युग-मुकुट किसे कहा है ? [1]

vi) इस सुन्दर वेश का अभिषेक कौन करता है ? [1]

**5.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । **[3×1=3]**

वैदिक इतिहास में शहनाई का कोई उल्लेख नहीं मिलता । इसे संगीत शास्त्रान्तर्गत 'सुषिर-वाद्यों' में गिना जाता है । अरब देश में फूँककर बजाए जाने वाले वाद्य जिनमें नाड़ी (नरकट या रीड) होती है, को 'नय' बोलते हैं । शहनाई को 'शाहेनय' अर्थात् 'सुषिर वाद्यों में शाह' की उपाधि दी गई है । सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में तानसेन के द्वारा रची बंदिश जो संगीत राग कल्पद्रुम से प्राप्त होती है, में शहनाई, मुरली, वंशी, शृंगी एवं मोरचंग आदि का वर्णन आया है ?

i) 'नय' किसे बोलते हैं ? **[1]**

ii) शहनाई को किसकी उपाधि दी गई है ? **[1]**

iii) तानसेन द्वारा रचित बंदिश में किन वाद्यों का वर्णन आया है ? **[1]**

**अथवा**

एक बार कॉलेज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिताजी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ? पत्र पढ़ते ही पिताजी आग-बबूला ! "यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी ... पता नहीं क्या-क्या सुनना पड़ेगा वहाँ जाकर ! चार बच्चे पहले भी पढ़े, किसी ने ये दिन नहीं दिखाया ।" गुस्से से भन्नाते हुए ही वे गए थे । लौटकर क्या कहर बरपा होगा, इसका अनुमान था, सो मैं पड़ोस की एक मित्र के यहाँ जाकर बैठ गई । माँ को कह दिया कि लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए, तब बुलाना ।

i) प्रिंसिपल ने पत्र में क्या लिखा था ? **[1]**

ii) पिताजी के क्रोध से बचने के लिए लेखिका ने क्या किया ? **[1]**

iii) लेखिका ने माँ से क्या कहा ? **[1]**

Schorbit

6. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । [3×1=3]

सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा । सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।
सो बिलगाउ बिहाई समाजा । न त मारे जैहहिं सब राजा ।।
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने । बोले परसुधरहि अवमाने ।।
बहु धनुही तोरी लरिकाईं । कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं ।।
येहि धनु पर ममता केहि हेतू । सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू ।।

i) शिवधनुष किसने तोड़ा ? [1]

ii) धनुष तोड़ने वाले को किसके समान बताया है ? [1]

iii) परशुराम को क्रोध क्यों आया ? [1]

**अथवा**

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी ।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी ।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी ।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी ।
प्रीति - नदी मैं पाउँ न बोर्‌यौ, दृष्टि न रूप परागी ।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी ।।

i) गोपियों ने किसे बड़भागी कहा है ? [1]

ii) पुरइनि पात कहाँ रहता है ? [1]

iii) 'भोरी-अबला' किसे कहा है ? [1]

Schorbit

## खण्ड – 'ब'

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए । [9×2=18]

7. लेखिका के पिताजी की सबसे बड़ी दुर्बलता क्या थी ? [2]
'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लिखिए ।

8. जीवन के आरंभिक दिनों में अमीरुद्दीन की संगीत के प्रति आसक्ति किसके प्रभाव से हुई ? [2]
'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर बताइए ।

**9.** आग के आविष्कार में किसकी प्रेरणा रही होगी ? **[2]**

'संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**10.** 'उत्साह' कविता में 'निराला' ने बादल का चित्रण किस रूप में किया है ? **[2]**

**11.** 'अट नहीं रही है' कविता में कवि ने फागुन की सुंदरता को किन संदर्भों में देखा है ? **[2]**

**12.** 'संगतकार' कविता में कवि ने किसकी भूमिका का महत्त्व बताया है ? **[2]**

**13.** 'गैंगटॉक' का असली नाम क्या है और इसका क्या अर्थ है ? **[2]**

'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**14.** भोलानाथ और उसके साथी कौन-कौन-से खेल खेलते थे ? **[2]**

'माता का अँचल' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**15.** 'आस्तीन का साँप होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **[2]**

Schorbit

## खण्ड – 'स'

**16.** "हालदार साहब भावुक हैं, इतनी-सी बात पर उनकी आँखें भर आईं ।" **[3]**

हालदार साहब की आँखें क्यों भर आईं ? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

**अथवा**

बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले छोड़कर क्यों चली गई ? **[3]**

'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

**17.** गोपियों ने उद्धव की योग-साधना को कड़वी-ककड़ी क्यों बताया है ? **[3]**

पठित पद के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

**अथवा**

''प्रकृति और मनुष्य के सहयोग से ही सृजन संभव है ।'' **[3]**

'फसल' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

**18.** पिताजी के खाना खिला देने के बाद भी मइयाँ भोलानाथ को थोड़ा और खिलाने के लिए हठ क्यों करती थी ? **[3]**

'माता का अँचल' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

**अथवा**

'अनुभव से अनुभूति गहरी चीज है ।' **[3]**

'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक के अनुसार उनके लेखन में क्या अधिक मदद करता है ?

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

**19.** 'सूरदास' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए । **[3]**

14-78, 1583

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

**अथवा**

'यशपाल' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए । **[3]**

(उत्तर सीमा **60-80** शब्द)

Schorbit

## खण्ड – 'द'

निबंधात्मक प्रश्न

**20.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए । [6]

1) आतंकवाद : एक अन्तर्राष्ट्रीय समस्या
   - i) प्रस्तावना
   - ii) आतंकवाद के संभावित कारण
   - iii) आतंकवाद के उद्देश्य
   - iv) आतंकवाद को नियंत्रित करने के उपाय
   - v) उपसंहार ।

2) 'मेक इन इंडिया' – स्वदेशी जागरण का नया रूप
   - i) प्रस्तावना
   - ii) मेक इन इंडिया और स्वदेशी जागरण का अर्थ
   - iii) आम भारतीय नागरिक के कर्त्तव्य
   - iv) राष्ट्र के विकास में स्वदेशी जागरण का योगदान
   - v) उपसंहार ।

3) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन
   - i) प्रस्तावना
   - ii) अनुशासन का अर्थ और परिभाषा
   - iii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन
   - iv) अनुशासन की उपयोगिता
   - v) उपसंहार ।

Schorbit

**21.** अन्तर्विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपनी छोटी बहिन को एक बधाई पत्र लिखिए । **[4]**

**अथवा**

स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ का छात्र रितेश मानते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए । **[4]**

**22.** निम्नलिखित अवतरण का संक्षिप्तीकरण कीजिए । **[4]**

वास्तव में हृदय वही है, जो कोमल भावों और स्वदेश प्रेम से ओत-प्रोत हो । प्रत्येक देशवासी को अपने वतन से प्रेम होता है । चाहे उसका देश सूखा, गर्म या दलदलों से युक्त हो । देश-प्रेम के लिए किसी आकर्षण की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वह तो अपनी भूमि के प्रति मनुष्य मात्र की स्वाभाविक ममता है । मानव ही नहीं, पशु-पक्षियों तक को अपना देश प्यारा होता है । संध्या समय पक्षी अपने नीड़ की ओर उड़े चले जाते हैं । देश-प्रेम का अंकुर सभी में विद्यमान है । कुछ लोग समझते हैं कि मातृभूमि के नारे लगाने से ही देश-प्रेम व्यक्त होता है । दिन-भर वे त्याग, बलिदान और वीरता की कथा सुनाते नहीं थकते, लेकिन परीक्षा की घड़ी आने पर भाग खड़े होते हैं । ऐसे लोग स्वार्थ त्यागकर, जान जोखिम में डालकर देश की सेवा क्या करेंगे ? आज ऐसे लोगों की आवश्यकता नहीं है ।

**अथवा**

निम्नलिखित पंक्ति का पल्लवन कीजिए । **[4]**

''पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं ।''

---

Schorbit

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Schorbit